उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)
Uttarakhand Open University

Ref. No. UOU/Maint/.1399
Date: 02. 11 /2026

पुनः कोटेशन नोटिस

विषय:. विश्वविद्यालय परिसर स्थित विज्ञान भवन के पिछले हिस्से में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, सुगम आवागमन सुनिश्चित करने तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित निकासी हेतु 02 (दो) नग दरवाजे निकाले जाने के कार्य के संबंध में कोटेशन आमंत्रित किए जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया, अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी द्वारा विश्वविद्यालय परिसर स्थित विज्ञान भवन के पिछले हिस्से में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सुगम आवागमन सुनिश्चित करने तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित निकासी की व्यवस्था के उद्देश्य से 02 (दो) नग दरवाजे निकाले जाने का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक एवं पात्र फर्म/एजेंसी/ठेकेदारों से निर्धारित प्रारूप में सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक एवं पात्र फर्म/एजेंसी/ठेकेदार अपने कोटेशन में कार्य से संबंधित दरों तथा अन्य आवश्यक विवरण स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए दिनांक 05 / 11 / 2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक अनिवार्य रूप से सीलबंद लिफाफे में **(जिसके ऊपर स्पष्ट रूप से फर्श निर्माण का कार्य हेतु कोटेशन" अंकित होना आवश्यक होगा)** कोटेशन उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के अनुरक्षण विभाग में डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निर्धारित समयावधि के भीतर जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय को बिना कारण बताए किसी भी अथवा सभी कोटेशन को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

क.सं	कार्य का विवरण	मात्रा / इकाई	दर (रू0)	राशि (रू0)
01	दीवार तोड़ना (पुरुष व महिला वाशरूम से लगती हुई कॉरिडोर की दीवार में दरवाजे हेतु स्थान बनाना एवं मलबा हटाना)। दीवार तोड़ने से पूर्व ऊपरी ढांचे को सुरक्षित रखने हेतु बल्लियां, स्टील प्रॉप्स एवं नीडल सपोर्ट लगाना तथा कार्य पूर्ण होने के बाद हटाना। 9 इंच मोटी ईंट की दीवार में दरवाजाध्रोशनदान हेतु साइड कटिंग, लिंटल बियरिंग एवं डैमेज सहित।	4.20 SQM		
02	लोहे की चौखट: 1.60 मिमी मोटी शीट की 2 चौखटें लगाना। पुरानी दीवार में चौखट जाम करना। टूटी हुई दीवार के भागों में कंक्रीट ब्लॉक/फास्टनर के साथ 2 लोहे की चौखटें मजबूती से फिक्स करना।	10.40 METER		
03	फ्लश डोररू 35 मिमी मोटा ISI मार्क फ्लश डोर लगाना (2 दरवाजे)।	4.20 SQM		
04	दरवाजे की हार्डवेयर फिटिंगरू पीतल/स्टील के हैंडल, स्लाइडिंग बोल्ट (एल्ड्रॉप), टावर बोल्ट, डोर स्टॉपर, हिंग्स (कब्जे) तथा आवश्यक पेंच, पेंट का कार्य एवं फिनिशिंग।	वन जॉब		
05	लिंटल बीम का आर.सी.सी. (1:1.5:3): दरवाजे/रोशनदान के ऊपर विवरिंग सहित कंक्रीट डालना।	.789 CUM		

Teenpani Bypass,T.P.Nagar, Haldwani-263139
Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286000Fax No. 264232
Websit:www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)
Uttarakhand Open University

Ref. No. UOU/Maint/.1399
Date: 02/11/2026

कोटेशन नोटिस

नियम एवं शर्तें (Terms & Conditions):

01 .कार्य में प्रयुक्त समस्त सामग्री उत्तम गुणवत्ता की एवं मानक (ISI/BIS) के अनुरूप होनी चाहिए।

02. कार्य निष्पादन के दौरान समस्त सुरक्षा मानकों का पालन करना संबंधित फर्म/एजेंसी की पूर्ण जिम्मेदारी होगी। किसी भी प्रकार की दुर्घटना के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

03. कार्य पूर्ण रूप से तकनीकी मानकों के अनुसार एवं विश्वविद्यालय के अधिकृत अधिकारी/अभियंता के निर्देशन में किया जाएगा।

04. कार्यादेश जारी होने के पश्चात निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा, अन्यथा विलंब होने पर विश्वविद्यालय द्वारा उपयुक्त दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

05. कार्य पूर्ण होने के उपरांत संबंधित विभाग/अधिकारी द्वारा निरीक्षण के पश्चात ही भुगतान किया जाएगा।

06. कार्य से संबंधित किसी भी प्रकार की क्षति (विद्युत लाइन, भवन संरचना आदि) होने पर उसकी मरम्मत/क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।

07. अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत कोटेशन में सभी कर (GST आदि) स्पष्ट रूप से उल्लेखित होने चाहिए। छिपे हुए/अतिरिक्त शुल्क बाद में स्वीकार्य नहीं होंगे।

08. फर्म/एजेंसी को संबंधित कार्य का पूर्व अनुभव होना चाहिए तथा आवश्यकता पड़ने पर उसका प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

09. विश्वविद्यालय को बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी कोटेशन को निरस्त/स्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

10. किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में क्षेत्राधिकार हल्द्वानी न्यायालय का होगा।

फर्म प्रतिनिधि का नाम व हस्ताक्षर:.....

- फर्म का नाम: .....(GST Number).....
- फर्म का पता: .....
- फर्म का संपर्क नंबर (Mobile): .....
- फर्म की ईमेल आईडी (Email ID): .....
- फर्म की मुहर (यदि हो तो): .....

अध्यक्ष, केंद्रीय क्रय समिति

Teenpani Bypass,T.P.Nagar, Haldwani-263139
Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286000Fax No. 264232